**संघ शताब्दी वर्ष : भाग -6**

**संघ के पुराने चेहरों से रूबरू करा रहा नवभारत**

# अपनत्व, अनुशासन और अध्यनशीलता की त्रिवेणी रहे शालिगराम

## विद्यार्थी परिषद को ऊर्जावान बनाने में स्व. तोमर की रही मेहनत

**शाजापुर, 27 सितंबर. जिनके विचारों में देश प्रथम, सेवा प्रथम, समाज प्रथम, समाज में संस्कृति प्रथम, राजनीति में सुचिता, स्वच्छ छवि के नेता की कल्पना रही, ऐसे शाजापुर जिले के पोलायकलां जैसे छोटे गांव में शालिगराम जी तोमर का जन्म हुआ. बाल्यकाल से ही स्व्यंसेवक के रूप में काम किया. आजीवन सामाजिक कार्यों में लगे रहे और विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री के रूप में युवाओं को संस्कार से बांध रखा. विद्या के क्षेत्र में युवाओं को भारतीयता**



**से ओतप्रोत करके युवा नेतृत्व विकसित कराने में उनके अवदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता है.**

गौरतलब है कि शालिगराम तोमर ऐसे गुरू थे कि उनके शिष्य मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री और संगठन में बड़े पदों पर आज भी विराजित हैं. आपातकाल का विरोध करने के कारण उनके विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया, लेकिन वे भूमिगत रहकर मीसाबंदियों के परिजनों की मदद करते रहे. विद्यार्थी परिषद को मजबूती, विद्यार्थी परिषद में युवाओं को भारतमाता के प्रति जागरूक करना यह शालिगरामजी की देन थी. विद्यार्थी परिषद के लिए वे किसी विश्वविद्यालय से कम नहीं थे. 26 नवंबर 2010 को शालिगरामजी का निधन हुआ, लेकिन उनकी यादें आज भी लोगों के जहन में है. अपनत्व, अनुशासन और अध्यनशीलता की त्रिवेणी शालिगराम युवाओं को प्रेरित करते रहे.

### कोई भी नेता शालिगराम जी को याद किए बिना नहीं रहता...

शाजापुर जिले में भाजपा का कोई भी बडा नेता, मंत्री आया है तो वह सबसे पहले शालिगरामजी को याद करता है. उनके अनुशासन को याद करके भावुक होता है. चाहे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान हो या वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हो, पिछले दिनों डॉ. यादव शालिगरामजी तोमर के घर गए और उनके परिजनों से मुलाकात की. कभी भी शालिगरामजी ने अपने परिवार के लिए कुछ नहीं मांगा. उन्होंने समाज की उन्नति ओर विकास के लिए युवा पीढ़ी की ऐसी पौध तैयार की है जो प्रदेश का नेतृत्व कर रही है.




## एक नजर में

### पुलिस का सराहनीय कार्य, रंगेहाथों सटोरियों को पकड़ा

मक्सी, 27 सितंबर. मक्सी पुलिस ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर के बस स्टैंड से नामचीन सटोरिए को रंगेहाथों सट्टा लिखते हुए गिरफ्तार किया. आरोपी इकरार उर्फ इक्का पिता सलीम खान निवासी जैन मंदिर मार्ग मक्सी को मौके से पकड़ा गया. पुलिस ने सटोरिए के पास से 6200 रुपए की नकदी व 03 सट्टा अंक पर्ची व लीड पेन मिले, जिसे जब्त कर पुलिस द्वारा जप्ती पंचनामा बनाया गया. मक्सी पुलिस ने आरोपी इक्का के खिलाफ सट्टा एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, इकरार उर्फ इक्का लंबे समय से मक्सी बस स्टैंड पर बस एजेंटी की आड़ में सट्टे का अवैध कारोबार चला रहा था. स्थानीय लोगों की शिकायतों और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की.

### तीरंदाजी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में समर्थ का चयन



शुजालपुर, 27 सितंबर. शहर में आयोजित हुई राज्य स्तरीय शालेय आर्चरी एवं फिल्ड आर्चरी प्रतियोगिता 2025 में जॉय किड्स एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल शुजालपुर के खिलाडी व छात्र समर्थ गेहलोत ने उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया. जिसके चलते समर्थ का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ, जो कि मणिपुर में आयोजित होगी. समर्थ की इस उपलब्धि पर कोच लोकेन्द्रसिंह तोमर, विद्यालय संचालिका रिंकू सोलंकी, प्राचार्य रंजना शर्मा, खेल शिक्षिका सलोनी परमार, शिक्षक व छात्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी. बता दे समर्थ ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुल स्कोर 360 में से 315 हासिल कर यहां उपलब्धि पाई.

### चितोडा विद्यालय में शैक्षिक संवाद का आयोजन




शुजालपुर, 27 सितंबर. जनशिक्षा केंद्र बालक नगर के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय चित्तौड़ा में कक्षा 3 से 5 तथा कक्षा 6 से 8 के शिक्षक-शिक्षिकाओं का शैक्षिक संवाद आयोजित किया गया. विद्यालय प्रधान एवं स्टाफ द्वारा उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का तिलक कर एवं पेन भेंट कर सम्मान किया गया. कार्यक्रम में जन शिक्षा केंद्र के 20 शिक्षक-शिक्षिकाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया तथा उनकी उपलब्धियों का उल्लेख किया गया. संवाद में कक्षा 3 से 5 के लिए अंग्रेजी विषय में संदर्शिका के प्रभावी उपयोग और कक्षा 6 से 8 के लिए पूर्व ज्ञान एवं समूह कार्य विषय पर चर्चा की गई, जिसमें सभी शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई. अंत में फीडबैक एवं पोस्ट वर्क आरएसके पोर्टल पर दर्ज किया गया. इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय चौकी शाहपुर के शिक्षक कपिल जैन द्वारा स्टाफ को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया. कार्यक्रम में जनशिक्षक गिरीश नाथ, धर्मेंद्र यादव, सहजकर्ता कृष्णकांत शर्मा, पवन नेमा, राजेंद्र राजपूत सहित जन शिक्षाकेंद्र के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे.

### शासकीय सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण



सुसनेर, 27 सितंबर. शनिवार को शासकीय सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत लोक सेवा केन्द्र सुसनेर का औद्योगिक भ्रमण कराया गयाए औद्योगिक भ्रमण में कक्षा 9 से 13 के आई टी ट्रेड के विद्यार्थी सम्मिलित हुए. भ्रमण में छात्रों को लोक सेवाओं और लोक सेवा केन्द्र संचालन पद्धति की संपूर्ण जानकारी लोक सेवा केन्द्र प्रबंधक द्वारा दी गई. भ्रमण के दौरान छात्रों के साथ संस्था के वोकेशनल ट्रेनर जगदीश पाटीदार और नोडल शिक्षक डॉ. पुनीत शुक्ला मौजूद थे.

### विद्यालय में हुआ कन्या पूजन का आयोजन

सुसनेर, 27 सितंबर. विकासखंड के समीप शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय मोड़ी के शाला प्रांगण में नवरात्रि के पवित्र पावन पर्व के अवसर पर बालिका शिक्षा एवं नारी सशक्तिकरण के पवित्र पावन उद्देश्य को लेकर कन्या पूजन का आयोजन किया गया. विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों द्वारा देवी स्वरूपा छोटी. छोटी कन्याओं का पाद प्रक्षालन किया गया तत्पश्चात उनको तिलक लगाकर एवं चुनरी उड़ा कर उनका सम्मान किया गया. भाव विभोर कर देने वाले भक्तिमय माहौल में प्राचार्य गिरीराज बंसिया सहित पूरे विद्यालय के स्टाफ द्वारा उनकी आरती उतारी गई. सभी छात्र-छात्राओं को स्वल्पाहार वितरण के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ. इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

# मजूरखेड़ी में थ्रेशर में फंसकर मजदूर मौत

**गैस कटर से मशीन को काटकर निकालना पड़ा शव, पुलिस ने मर्ग कायम किया**

**मोहन बड़ोदिया, 27 सितंबर. शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के मजूरखेड़ी गांव में थ्रेशर मशीन में फंसकर एक व्यक्ति की मौत हो गई. यह हादसा शनिवार दोपहर करीब 3 बजे हुआ, जब खेत में सोयाबीन निकालने का काम चल रहा था. मृतक की पहचान रामसिंह उम्र 40 वर्ष पिता बंशीलाल गुर्जर के रूप में हुई है.**



जानकारी के अनुसार रामसिंह सोयाबीन निकालने के दौरान अचानक थ्रेशर मशीन की चपेट में आ गया. हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें निकालने की काफी कोशिश की, लेकिन वे मशीन में बुरी तरह फंस जाने से लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद भी उन्हें मशीन से नहीं निकाला जा सका. घटना की सूचना मिलते ही मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी पी.के. व्यास अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. थ्रेशर मशीन को मोहन बड़ोदिया लाया गया, जहां गैस कटर की मदद से मशीन को काटकर रामसिंह के शव को बाहर निकाला जा सका. मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास ने बताया कि शनिवार शाम 6 बजे शव के पोस्ट मार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया और पुलिस द्वारा इस मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच की जा रही है.

## बस स्टैंड परिसर में स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

**शाजापुर, 27 सितंबर. एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई ने नपा के सहयोग से सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत बस स्टैंड परिसर में नुक्कड़ नाटक कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया.**

नाटक में लोगों को अपने घर के कचरे को गाड़ी और डस्टबिन का प्रयोग करने तथा कचरे का पृथक्करण की प्रक्रिया का चित्रण दिखाया. नाटक में स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुंचाना और नागरिकों को जिम्मेदारी का बोध कराने के पाठ भी शामिल रहे. नाटक कि प्रसंशा करते हुए रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो.प्रकाश बर्फा ने कहा की नाटक में टीम ने ना केवल स्वच्छता का महत्व रोचक अंदाज में समझाते हुए लोगों को अपने घर, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संदेश दिया बल्कि यह नुक्कड़ नाटक पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ समाज निर्माण में भी विशेष सहयोगी है. नाटक में एनएसएस एसयूओ लक्ष्मी पुष्पद के नेतृत्व में एनएसएस से चंचल पाटीदार, अंजलि राठौर, जीवन राठौर, सलोनी मालवीय, ज्योति मालवीय, लक्ष्मी काछवा आदि शामिल रहे.

### रमेशचन्द्र जैन दादा भाई का निधन

**सुसनेर, 27 सितंबर.** शनिवार को शहर के समाजसेवी रमेशचन्द्र जैन दादा भाई का निधन हो गया. वे काफी दिनो से अव्यवस्थ चल रहे थे. उनका गत दिनो इंदौर के निजी अस्पताल में इलाज भी चला. उसके बाद शनिवार को उन्होने शुक्रवारिया बाजार स्थित अपने निवास पर परिवारजनो के बीच अंतिम सांस ली. उन्हे लोग स्नेह पूर्वक दादा भाई के नाम से पुकारते थे. वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरीष्ठ स्वयंसेवक थे. उन्होने अपना जीवन स्वाभिमान के साथ बिताया. विषम परिस्थितियों में भी उन्होने सुसनेर जैसे संगठनो का कार्य किया. शनिवार की शाम को 6 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकालकर के स्थानीय मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया.

# दामाद ने की ससुर की हत्या, रूपयों के लेनदेन को लेकर चल रहा था मनमुटाव

**सुनियोजित तरीके से ससुर की हत्या करने वाले आरोपीगण को आजीवन कारावास**

**शाजापुर, 27 सितंबर. एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, जिस पर पुलिस द्वारा पहचान कर मामले की जांच की. जांच में तथ्य जुटाए गए, इसके बाद पता चला कि दामाद ने ही ससुर की हत्या की थी. रूपयों के लेनदेन को लेकर दोनों में मनमुटाव चल रहा था. मामले में न्यायालय श्रीमान षष्ठम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय शाजापुर द्वारा आरोपी राहुल पिता गोपाल बंजारा उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम आला उमरोद थाना कोतवाली शाजापुर को भादवि की धारा 302 में आजीवन कारावास और 2000 रूपये अर्थदण्ड भादवि की धारा 201 में 3 वर्ष का कठोर कारावास और 1000 रूपये अर्थदण्ड सहयोगी आरोपी अंतर सिंह बंजारा पिता पिता गब्बा जी बंजारा उम्र 34 वर्ष निवासी आला उमरोद थाना कोतवाली शाजापुर को धारा 302 में आजीवन कारावास और 2000 रू अर्थदण्ड से दण्डित किया गया.**




अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी रमेश सोलंकी जिला शाजापुर ने बताया कि 9 अप्रैल 2022 को पुलिस थाना सुनेरा पर सुबह प्रकाश मेवाड़ा पिता मांगीलाल निवासी पिलियाखाल जंगल ग्राम उकावता द्वारा जरिये मोबाईल के 7.30 से 8 बजे के मध्य सूचनाकर्ता माध्यम से सूचना दी थी कि एबी रोड बाईपास पिलियाखाल रोड के नीचे दरगाह जाने वाले रास्ते पर सरकारी पडत की भूमि पर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी है जिसके सिर में से और कान में से खून निकल रहा है वह व्यक्ति मर चुका है, मृतक व्यक्ति कौन है मैं नहीं जानता.

### मोबाईल लोकेशन से जुड़ी मामले की कड़िया...

मृतक का भाई विक्रम ने बताया था कि उसका भाई रमेश 8 अप्रैल 2022 को घर से सुबह 10 बजे बस में बैठकर सारंगपुर में होटल पर काम करने के लिए निकला था. मृतक के भाई विक्रम ने यह भी बताया था कि उसके भाई रमेश एवं रमेश का दामाद राहुल बंजारा निवासी आलाउमरोद के मध्य पैसे के लेनदेन की बात को लेकर मनमुटाव रहता था. पुलिस ने मृतक रमेश का मोबाईल नंबर परिजन से लेकर एवं आरोपीगण के मोबाईल नंबर की सीडीआर जिला सायबर सेल शाजापुर से प्राप्त कर जिसमें मृतक एवं आरोपीगण के मध्य कई बार मोबाईल जरिये संपर्क होना ज्ञात हुआ. पुलिस ने विवेचना के दौरान मोबाईल लोकेशन एवं परिस्थितिजन्य के आधार पर पाया कि आरोपीगण एवं मृतक रमेश सारंगपुर में एक साथ मिले थे तथा आरोपीगण मृतक रमेश को सारंगपुर से उकावता बाईपास पीलियाखाल के जंगल में लाकर रमेश के सिर में पत्थर मारकर हत्या कर दी. आरोपी राहुल ने अपने साथी अंतरसिंह की मदद से ससुर की हत्या की. पुलिस द्वारा संपूर्ण अनुसंधान पश्चात आरोपीगण के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया. न्यायालय ने अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते हुए आरोपीगण को दण्डित किया. प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी रमेश सोलंकी अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी जिला शाजापुर द्वारा की गई.

### थाना प्रभारी मनीष दुबे ने जोड़ी कड़ी से कड़ी

सूचना पर से पुलिस थाना सुनेरा से निरीक्षक मनीष दुबे मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने मौके पर मर्ग पंजीबद्ध कर जांच में लिया. घटना स्थल पर मृतक व्यक्ति के पास में आधार कार्ड के 11 टुकड़े पडे पाए. आधार कार्ड के टुकडों को कागज पर चस्पा कर देखने पर जिसमें रमेश चंद्र पिता शोभाराम बंजारा निवासी अर्जी नगर कालीसिंध जिला शाजापुर का पता ज्ञात होने पर मृतक व्यक्ति का फोटो, नाम, पता मोबाईल से खीचकर मीडिया सोशल ग्रुप में डालने पर मृतक के परिजन घटना स्थल पर उपस्थित हुए. मृतक की शव की पहचान मृतक का भाई विक्रम ने उसके भाई रमेशचंद्र के रूप में की है.

**एक नजर में** — **प्रभावित फसलों के सर्वे में लापरवाही पर आधा दर्जन पटवारियों को थमाए नोटिस**

# किसानों के नुकसान की हो भरपाई इसलिए खेत-खेत पहुंच रही कलेक्टर

**शाजापुर, 27 सितंबर. पीला मोजेक, कीट व्याधि और अल्पवर्षा से सोयाबीन फसल को नुकसान हुआ है. चौतरफा हुए नुकसान से अन्नदाता परेशान है. किसानों की फसल नुकसानी के सर्वे को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी जिले में आकर निर्देश दे चुके हैं. कलेक्टर ऋजु बाफना स्वयं भी खेतों में जाकर किसानों से चर्चा कर खेतों का निरीक्षण कर रही है. वहीं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी खेतों में पहुंच रहे हैं. सर्वे को लेकर प्रशासन सख्त है, इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा रही है. इधर सर्वे में लापरवाही पाए जाने प्रशासन द्वारा आधा दर्जन पटवारियों को नोटिस दिए गए हैं.**



कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने गुलाना क्षेत्र के ग्राम सलसलाई, मुडलाय, लसुल्डिया, छिलोचा एवं केथलाय का भ्रमण कर किसानों के खेतों पर जाकर सोयाबीन की फसल का निरीक्षण किया. कलेक्टर सुश्री बाफना ने तहसीलदार एवं पटवारियों को निर्देश दिए कि एक-एक किसान के खेत पर जाकर सोयाबीन की फसल का सर्वे करें. सर्वे वास्तविक एवं सही हो, गलत रिपोर्ट देने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी. सर्वे की कार्रवाई अगले दो दिन में पूरी कराएं. इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी गुलाना आलोक वर्मा एवं तहसीलदार रितेश जैन सहित कृषि एवं राजस्व विभाग का अमला उपस्थित था.

### कदाचरण मानते हुए कार्रवाई की तैयारी

इस गंभीर लापरवाही को प्रशासन ने मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत कदाचरण माना है. नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि पटवारियों का यह कृत्य शासकीय कार्य में बाधा डालने और किसानों के हितों को प्रभावित करने वाला है. संबंधित पटवारियों को मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के लिए तत्काल स्पष्टीकरण मांगा गया है. चेतावनी दी गई है कि जवाब अप्राप्त रहने या समाधानकारक न होने की स्थिति में प्रशासन एकपक्षीय कार्रवाई करने को बाध्य होगा. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने कहा हैं कि किसानों के हित से जुड़े इस संवेदनशील कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा पटवारी जामनेर हरिओम हनोतिया, फुलेन देवीसिंह मेवाड़ा, खड़ी प्रीतम सिंह डोडिया, पोलाय सिंगाराम वर्मा, बोल्दा पवन भामुरिया निपानिया हिसामुद्दीन जगदीश राजपूत को नोटिस दिए गए हैं.

### खाद वितरण उनकी कृषक आईडी के माध्यम से होगा

शाजापुर जिले में आगामी रबी सीजन को लेकर भी तैयारियां चल रही है. किसानों को रासायनिक खाद का वितरण उनकी कृषक आईडी के माध्यम से किया जाएगा. जिला विपणन अधिकारी ने शाजापुर जिले के समस्त कृषकों से अनुरोध किया है कि जिस किसी कृषक द्वारा आज दिनांक तक अपनी कृषक आईडी नहीं बनवाई गई है, वह तत्काल अपने हल्के के पटवारी से संपर्क कर अनिवार्य रुप से कृषक आईडी बनवा लें, ताकि आगामी रबी सीजन में उनको सुलभता से रासायनिक खाद प्राप्त हो सकें.

### जितना बताया उससे अधिक हुआ नुकसान

शासन के निर्देश पर जिले भर में सोयाबीन की नुकसानी का सर्वेक्षण कार्य जारी है, जिसका उद्देश्य किसानों को उचित मुआवजा दिलाना है. हालांकि जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामों के आकस्मिक भ्रमण के दौरान यह पाया गया कि मौके पर फसल को हुआ नुकसान जो कि पटवारियों की रिपोर्ट से कहीं अधिक है. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा में यह गंभीर मामला सामने आया. पाया गया कि पटवारियों द्वारा जानबूझकर त्रुटिपूर्ण एवं भ्रामक जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत कर रहे हैं, जिससे निर्णायक जानकारी शासन को भेजने में अनावश्यक विलंब हो रहा है.

### भ्रामक जानकारी देने पर पटवारियों को नोटिस

खरीफ वर्ष 2025-26 में सोयाबीन की फसल पर आए पीला मोजेक कीट व्याधि और अल्प वर्षा के दोहरे संकट के बीच, नुकसान के सर्वेक्षण कार्य में अनियमितता बरतने के आरोप में जिले के कई पटवारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है. अधिकारियों ने त्रुटिपूर्ण और भ्रामक जानकारी प्रस्तुत करने के लिए पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं.

